nandgaon times may-22-3.qxd 5/21/2025 11:59 PM Page 1

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर... पृष्ठ 2
कूटनीतिक वैश्वीकरण भारत... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

गुरूवार, 22 मई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 212, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए


।। जय श्री जलाराम।।
**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**
*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।




# अबूझमाड़ में डीआरजी जवानों का संयुक्त ऑपरेशन, 28 नक्सली ढेर



**रायपुर।** अबूझमाड़ में हो रही नक्सल मुठभेड़ में 28 से ज्यादा नक्सलियों के मारे गए हैं। नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों की डीआरजी की संयुक्त टीम इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही है।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अबूझमाड़ इलाके में हो रही इस मुठभड़े में अब तक 28 नक्सलियों के मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। कई नक्सलियों के शव और भारी संख्या में हथियार बरामद हुए हैं। मुठभेड़ में एक जवान के शहीद होने और एक जवान घायल होने की भी खबर है। नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों डीआरजी के जवानों से नक्सलियों की मुठभेड़ जारी है। माड़ के इलाके में सुबह से फ ायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों ने बड़े नक्सली लीडर्स को घेर लिया है। डीआरजी के जावानों ने नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर रखा है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है।

**एक करोड़ का इनामी नक्सली भी हुआ ढेर**

मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी शीर्ष नक्सली बसव राजू भी मारा गया है। कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है। माड़ के दुर्गम इलाके में बुधवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण गोलीबारी जारी थी। इस अभियान को एक बड़ी सफ लता के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर अबूझमाड़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां उनका मजबूत गढ़ माना जाता है। इस सफ लता से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

**रमन सिंह ने दी बधाई**

नारायणपुर में चल रहे ऑपरेशन में मारे गए 28 नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, मैं इस बड़े ऑपरेशन के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को उनकी सफ लता के लिए बधाई देता हूं। इस ऑपरेशन में एक पुलिसकर्मी के घायल होने के अलावा किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मैं केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री और विजय शर्मा को भी बधाई देता हूं।

**सीएम साय ने भी जवानों को दी बधाई**

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सल मोर्चे पर लगातार कामयाबी मिल रही है। 28 से ज्यादा नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इस सफ ल ऑपरेशन के लिये उन्होंने जवानों को बधाई दी है।

# छत्तीसगढ़ के 5 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का पीएम मोदी आज करेंगे लोकार्पण



**रायपुर।** भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों के लोकार्पण का ऐतिहासिक क्षण अब करीब है। गुरुवार, 22 मई 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के कुल 103 पुनर्विकसित स्टेशनों का लोकार्पण एवं राष्ट्र को समर्पण करेंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ के भी 5 प्रमुख स्टेशनों को नई पहचान मिलेगी। प्रदेश के जिन स्टेशनों का लोकार्पण किया जाएगा, उनमें डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा और अंबिकापुर स्टेशन शामिल हैं। इन सभी स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य देशभर के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, सुंदर, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है। इस योजना के तहत स्टेशनों का न सिर्फ भौतिक रूपांतरण हो रहा है, बल्कि उन्हें सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में भी विकसित किया जा रहा है।

# सर्वे सूची में शामिल हितग्राहियों को मिलेगा पीएम आवास : मुख्यमंत्री

## जशपुर जिले के दोकड़ा में कॉलेज खोलने सहित कई घोषणाएं, मुख्यमंत्री अचानक पहुंचे दोकड़ा के समाधान शिविर में



**रायपुर।** प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का हेलीकॉप्टर आज जशपुर जिले के ग्राम दोकड़ा में अचानक उतरा और वे वहां आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर दोकडा में कालेज और मिनी स्टेडियम की घोषणा की। उन्होंने वहां के प्राथमिकता स्वास्थ्य केन्द्र, वनवासी कल्याण आश्रम के उन्नयन, के साथ ही डोरियामुडा जलाशय का सौन्दर्यकरण कराए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मंगल भवन के जिर्णोद्धार के लिए 20 लाख और शिव मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार कराए जाने की भी मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से हम लोग गांव-गांव पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के सर्वे सूची में जितने भी हितग्राहियों का नाम है सभी को पीएम आवास स्वीकृत किया जाएगा। पिछले डेढ़ वर्षों में मोदी जी की अधिकांश गारंटी को हमारी सरकार ने पूरा किया है। सुशासन तिहार के दौरान पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को नए आवास स्वीकृति के साथ ही पूर्ण हो चुके गए पीएम आवासों की चाँबी सौंपकर उन्हें गृह प्रवेश कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सशासन तिहार के अंतर्गत शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं और मांगों का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में लोगों को ऑनलाईन तथा बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केन्द्र खोला गया है इन केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन विभिन्न प्रकार के दस्तावेज प्राप्त करने और राशि के लेन-देन की सुविधा ग्रामीणों को मिलने लगी है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी पत्नी श्रीमती कौशल्या साय, सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को गृह प्रवेश के लिए घर की चाबी तथा नए आवास निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र, हितग्राहियों को मुद्रा लोन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नए राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, मछली जाल और आईस बाक्स, मनरेगा जाब कार्ड, वालीबॉल और क्रिकेट खिलाड़ियों को किट प्रदान किए। उन्होंने इस मौके पर हायर सेकेण्डरी और हाईस्कूल के बोर्ड परीक्षा में मेरिट लिस्ट में आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# खैरझिटी हाई स्कूल के बच्चे करेंगे विधानसभा का भ्रमण

## तिलेश्वर ने डॉ रमन सिंह से की मुलाकात



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बुधवार को युवा भाजपा नेता तिलेश्वर सिन्हा ने पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह मुलाकात कर खैरझिटी हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को विधानसभा भ्रमण कराने आग्रह किया, तिलेश्वर सिन्हा ने डॉ रमन सिंह को बताया की कक्षा 9 वी से 12 के छात्र छात्राओं द्वारा इस वर्ष बेहतर रिजल्ट लाकर गांव व जिले को गौरवंतित किया हैं । वहीं बोर्ड परीक्षा में खराब रिजल्ट पर जिले के बहुत स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है।

बोर्ड परीक्षा में खैरझिटी के बच्चों ने जबरदस्त रिजल्ट लाकर गांव व स्कूल को चमकाया हैं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुवे कहा कि नए सत्र के जुलाई माह में विधानसभा सत्र के दौरान बच्चों को विधानसभा का भ्रमण कराया जाएगा। भाजपा नेता तिलेश्वर सिन्हा ने डॉ रमन सिंह का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।इस दौरान जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत , रमेश पटेल , जिला महामंत्री सौरभ कोठारी , कलेक्टर सर्वेश्वर दास भूरे , रमेश सोनवानी उपस्थित रहे।

# भारतीय स्टेट बैंक पर जनमानस की विश्वसनीयता कायम : डॉ. रमन सिंह

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिग्विजय स्टेडियम परिसर स्थित भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा राजनांदगांव का किया शुभारंभ



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज दिग्विजय स्टेडियम परिसर स्थित भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा राजनांदगांव का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा राजनांदगांव शहर में वर्ष 1952 से प्रारंभ हुई है। राजनांदगांव शहर में यह सबसे पुराना बैंक होने के कारण भारतीय स्टेट बैंक ने विश्वसनीयता कायम की है। इस बैंक में 2 लाख खाताधारक है और 1 हजार करोड़ टर्नओवर, 5 शाखाएं और 7 हजार पेंशनर्स है। उन्होंने कहा कि इस बैंक के लिए पर्याप्त स्थान की जरूरत थी। अब बैंक में आने वाले बुजुर्ग और पेंशनर्स के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान एवं सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने एसबीआई बैंक का सीएसआर मद का ज्यादा हिस्सा स्पोर्ट्स एक्टीविटी के लिए देने कहा। उन्होंने बताया कि दिग्विजय स्टेडियम परिसर में 1 से 2 बैंक कार्यालयों को लाने की परिकल्पना है।



**एसबीआई मुख्य शाखा राजनांदगांव जिले का सबसे पुराना बैंक**

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के लिए जैसा स्थान चाहिए था वैसा स्थान यहां मिल रहा है। यह बैंक शाखा भव्य स्वरूप में बना है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने जिले में सुविधाओं का विस्तार किया है, चाहे दिव्यांगों के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में एकमात्र सीआरसी सेंटर हो या डाक संभाग की सुविधाएं हो। राजनांदगांव के लिए यह शाखा गौरव प्रदान करने वाला है। इसके लिए उन्होंने बैंक अधिकारियों-कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि बैंक में लेन-देन के लिए शहरवासी परेशानी महसूस करते थे। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा यहां शिफ्ट होने से परेशानी दूर हो जाएगी और बहुत सरल तरीके से बैंक की सेवाएं खाताधारकों को मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्टेडियम का निर्माण दूरगामी सोच के साथ बनाया गया। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम समिति को बैंक शाखा से प्राप्त किराए से दिग्विजय स्टेडियम का संचालन बेहतर दे पायेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री रमेश पटेल, पूर्व सांसद श्री प्रदीप गांधी, श्री संतोष अग्रवाल, श्री राजेश श्यामकर, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा, भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम श्री राकेश सिन्हा, आरएम श्री माधव नंद, मुख्य प्रबंधक श्री वरूण शुक्ला सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारी और शहरवासी उपस्थित थे।



# आदि श्री सनातन सेवा संघ का गठन



**अस्पताल में किया फल वितरण**

**राहगीरों को पिलाया शरबत**

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर में एक सेवा भावी संस्था आदि श्री सनातन सेवा संघ का गठन हुआ है। छत्तीसगढ़ स्तरीय पंजीयन होने की खुशी में जिला चिकित्सालय में बुधवार 21 मई को मरीजों को फ्ल वितरण किया गया। साथ ही यहां चिकित्सालय के लगभग सभी मरीज भर्ती वार्ड में जाकर फ्ल सेब, केला, अंगूर एवं पपीता फ्ल का वितरण कर सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने खुशी मनाएं। इस दौरान राहगीरों को सड़क किनारे स्टाल लगाकर शरबत भी पिलाया गया। इस शुभ अवसर पर संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इनमें अध्यक्ष - श्री नेमचंद साहू जी, उपाध्यक्ष - श्रीमती गंगा यादव जी, सचिव- श्रीमती स्वाति सेंद्रे जी, उप सचिव - श्री प्रवेश जी, कोषाध्यक्ष - स्वाति रगड़े जी, सदस्य गण. श्रीमती रुक्मणी राव जी, श्रीमती बिंदिया सिंह,. श्रीमती कोनाली नंदनवार, श्री योगेश यादव जी, श्री राजेश रजक एवं नन्हे सेवक वैभव भट्ट (सिंगर ) सभी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ग्राम उमरवाही में आयोजित समाधान शिविर में हुए शामिल

## कलेक्टर ने जनसामान्य से रूबरू होकर समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम उमरवाही में आयोजित समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे शामिल हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन्न कराया एवं गर्भवती माताओं की गोद भराई की गई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सभी विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर जनसामान्य से रूबरू हुए एवं उनकी समस्याओं को तन्मयतापूर्वक सुना। उन्होंने अधिकारियों को जनमानस की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में जनप्रतिनधियों एवं ग्रामीणों द्वारा विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया गया तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी ली गई।

समाधान शिविर में ग्राम पंचायत आयबांधा, बडग़ांव, बननवागांव, बरबसपुर, चिखलाकसा, गिदर्री, गोडलवाही, पांगरीखुर्द, परेवाडीह, सीताकसा उ, तुर्रेगढ़, साल्हे, उमरवाही के ग्रामीणों से प्राप्त विभागीय मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में 1759 आवेदनों का निराकरण किया। जिसमें मांगों से संबंधित 1748 तथा 11 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदनों के निराकरणों की सार्वजनिक वाचन के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इनमें जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता पर अभिनंदन प्रमाण पत्र व नवीन जाबकार्ड, खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड, परिवहन विभाग द्वारा ड्राविंग लाइसेंस, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड, मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल, कृषि विभाग




द्वारा बीज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र तथा दिव्यांग हितग्राहियों को ई-ट्राईसाइकल का वितरण किया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य श्री गोपाल सिंह भुआर्य, श्रीमती हरिला चंद्रवंशी, श्रीमती जैमुन कंवर एवं श्रीमती भेष बाई साहू सहित जनपद पंचायत छुरिया के सदस्य, ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, अन्य जनप्रतिनिधि एवं तहसीलदार कुमरदा श्रीमती अकांक्षा साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया श्री होरीलाल साहू, अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## लाल बहादुर नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का शीघ्र होगा लोकार्पण

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के राजनांदगांव प्रवास पर नवीन नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के अध्यक्ष देवेन्द्र साहु सहित लाल बहादुर नगर के ग्रामीणों ने सौजन्य भेंट कर लाल बहादुर नगर में शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति प्रदान कराने की माँग की गई जिस पर श्री साय ने नवीन नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुविधा शीघ्र प्रारंभ कर आम लोगों के लिए बेहतर सरकारी स्वास्थ्य सुविधा देनें का वादा किया गया. आपको बता दें कि लाल बहादुर नगर को वर्तमान में नगर पंचायत और तहसील का दर्जा प्राप्त हुआ है और यहां वनांचल क्षेत्र के लगभग 50 से 60 गांव के लोग आते हैं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने और बड़े डाक्टर और स्टाफ नहीं होने से क्षेत्र को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे क्षेत्रवासी राजनांदगांव के शासकीय एवं निजी अस्पतालों को जाने को मजबुर है। जिनकी समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री ने आगामी दिनों में लाल बहादुर नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने का आश्वासन दिया है। इससे पहले नगर पंचायत अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय भाजपा नेताओं के साथ स्वास्थ्य मंत्री से भी मुलाकात करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृति की मांग कर चुके हैं। वही नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु ने कहा कि यह भाजपा का सरकार है केन्द्र में मोदी जी और राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व में देश और राज्य लगातार विकास की ओर अग्रसर है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि बहुत जल्द हमारे नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुलेगा जिससे नगर पंचायत एवं वनांचल के क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

## बैठक मे महिला स्व. सहायता समूहों को बैंक ऋण डिजिटल सेवाओं और वित्तीय साक्षरता से जोड़ने की रणनीति पर हुई चर्चा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक की छत्तीसगढ़ टीम और ऑलवा फाउंडेशन के बीच रायपुर में एक महत्वपूर्ण



बैठक आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य सामाजिक संगठनों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ते हुए राज्य के ग्रामीण और वंचित वर्गों तक वित्तीय सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना था। इस बैठक में सूर्योदय बैंक की ओर से श्री सौरभ और श्री चतुर्वेदी जैसे वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जबकि ऑलवा फाउंडेशन की ओर से निदेशक श्री हेमशंकर जेठमल साहू ने नेतृत्व किया। बैठक में महिला स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण, डिजिटल सेवाओं और वित्तीय साक्षरता से जोड़ने की रणनीति पर चर्चा हुई, श्री हेमशंकर जेठमल साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, फंडिंग का सदुपयोग तभी संभव है जब उसे सही ज़मीनी संगठनों के माध्यम से लक्षित समुदायों तक पहुँचाया जाए। बैंक जैसे संस्थानों का सहयोग सामाजिक विकास के लिए एक उत्प्रेरक की भूमिका निभा सकता है।

## नगर व ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने बड़ी धूमधाम से जन्मदिन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर व ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने बड़ी धूमधाम से डोंगरगढ़ की विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल का



जन्मदिन मनाया गया. कांग्रेस के कार्यकर्ताओ सहित बम्लेश्वरी के दरबार में विधायक ने पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की कुशलता की कामना कर शुभारंभ किया। डोंगरगढ़,बछेराभांठा,अछोली, ढारा, वा मोहरा में केक काटकर कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष शहनवाज खान, संध्या देशपांडे,शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज चौहान,ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा,जिला संयुक्त महामंत्री चुमन दास साहू,जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन, नलिनी मेश्राम,जितेंद्र सिंह भाटिया,रिंकू यादव, लता साहू, रेखा मेश्राम,ग्रामीण सेक्टर प्रभारी योधन साहू,शामशाय टंडेकर,लाला वर्मा,सरपंच नंदकुमार साहू,आरती वर्मा, करुणा ठाकुर,अनिल वर्मा,नर्सिंग वर्मा,पंचराम चंदेल,जगदेव साहू,गुरु साहू,मूलचंद साहू, लिखन कुंजाम,कीर्तन मंडावी,गोकुल वर्मा,मोहन वर्मा,गौतम वर्मा, सविता वैद,रंजित भारती,पिंटू वर्मा, जितेंद्र गुप्ता, बबला साहू,सुरेश गोस्वामी,रमन साहू ,अमन उजवने, पंचगण मुन्ना यादव, पारस साहू,बबलू साहू,भागचंद वर्मा,खेमचंद सहारे,भवर सिंग ,श्रीमति खिलेश्वरी साहू,जीना सांडेकर, श्रीमति ज्योति नेताम, सूर्या मानिकपुरी, श्रीमति वंदना उइके,पूर्णिमा साहू, खुशबू साहू एवम बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## आत्मानंद स्कूल में समर कैंप का आयोजन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव में 12 मई से 21 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया । अंतिम दिवस 21 मई को समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी शाला विकास समिति के सदस्य गुलशन हिरवानी राम कुमार गुप्ता हेमंत चोपड़ा टोमन लाल साहू एवं अन्य उपस्थित थे । उक्त कार्यक्रम में 200 से अधिक बच्चे एवं पालक सम्मिलित हुए । मंच का संचालन अंग्रेजी व्याख्याता सृष्टि शर्मा एवं भौतिक व्याख्याता वासुदेव साहू द्वारा किया गया। समर कैंप में हुई गतिविधियों का फोटो और वीडियो की टीवी स्क्रीन पर फिल्मिंग भी व्याख्याता अनामिका सिन्हा एवं व्याख्याता तौफीक राजा द्वारा किया गया । सबसे पहले बोर्ड कक्षाओं में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट एवं मैडल द्वारा सम्मानित किया गया । कक्षा दसवीं से राशि साहू पिता टोमन लाल साहू को दसवीं में 95त्न अंक लाने पर एवं जिले के टॉप 10 सूची में स्थान बनाने पर सम्मानित किया गया । कक्षा पहली से लेकर कक्षा बारहवीं तक वे सभी बच्चे जो विद्यालय स्तर पर प्रथम द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किये उन सभी बच्चों को सर्टिफिकेट एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में उन बच्चों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने समर कैंप के विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया । ज्ञात हो की 12 मई से 21 मई तक चलने वाले समर कैंप में क्विज कॉम्पिटिशन, ब्यूटीशियन, पॉटरी सेशन, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग, खेलकूद एवं अटल टिंकरिंग लैब द्वारा संचालित 3ष्ठ प्रिंटर, रोबोटिक्स, ड्रोन, टेलीस्कोप, आर्डयूनो इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अन्य गतिविधियां कराई गई जिसमें विद्यालय एवं अन्य स्कूलों के बच्चों ने भी भाग लिया । अटल टिंकरिंग लैब से संदीप कुमार वर्मा ने बच्चों द्वारा बनाए गए इलेक्ट्रॉनिक्स मॉडल, 3 डी प्रिंटर से बनाया गया कीचेन एवं वायरलेस रोबो कार चलाते हुए वीडियो भी दिखाया । विद्यालय के शिक्षकों एवं आमंत्रित विषय विशेषज्ञों जिन्होंने समर कैंप में अपना विशेष योगदान दिया उन सभी को भी सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय के प्राचार्य भरत लाल देवांगन ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया ।

बच्चों को यह बताया कि कैसे पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ उन्हें अन्य विधाओं को भी सीखना और कौशल प्राप्त करना जरूरी है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों बच्चों एवं पालकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी । कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता राजेंद्र गणवीर, यादवराम कोठारी, स्वाती वर्मा, नेहा साहू, दीपक कुमार भगत, शैलेश गौरकर, योगेश बोकडे, शैलेन्द्र साहू, कोमलता देवांगन, प्राइमरी हेडमास्टर सोनल देवांगन, मिडिल हेडमास्टर निशा साहू एवं

## व्यापम की बी.एड. और डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा आज

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के बी.एड. व डी. एड महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन व्यापम द्वारा 22 मई को की जा रही है। बी.एड. परीक्षा प्रात: 10:00 बजे से 12:15 बजे तक 24 केन्द्रों में तथा डी. एड परीक्षा 2:00 बजे से 4:15 बजे तक 53 केन्द्रों में आयोजित है। परीक्षा के समन्वयक डॉ. अमिता बख्शी प्र प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय ने बताया की परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से परीक्षा के 01 घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र लेकर पहुंचे। प्रथम पाली में 10 बजे के बाद व द्वितीय पाली में 2 बजे के आद प्रवेश नहीं दिया जावेगा । परीक्षार्थियो के लिए प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, जैसे किसी एक फोटो युक्त पहचान पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य है। इसके बगैर परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाऐगा साथ ही परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर ले की उनका प्रवेश पत्र 2025 का ही हो। किसी भी परीक्षार्थी को उनके निर्धारित केन्द्र में ही बैठने की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र में बैठने नहीं दिया जाऐगा अत: सभी परीक्षार्थी वर्ष 2025 के प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र में निर्धारित समय से आधे घण्टे पूर्व मूल पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित हो साथ ही एक दिन पुर्व केन्द्र जाकर देख लें । परीक्षा के समन्वयक डॉ. अमिता बख्शी ने संयुक्त रूप से सभी केन्द्रो के केन्द्राध्यक्षों , तथा समन्वयक केन्द्र द्वारा नियुक्त किये पर्यवेक्षकों की बैठक दिग्विजय महाविद्यालय में लेकर उन्हें परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । सहायक समन्वयक श्री दीपक कुमार परगनिहा ने सभी केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को वयापम द्वारा प्राप्त निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार में अनिवार्य रूप से एक जिम्मेदार अधिकारी को नियुक्त करे जो परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र की जांच कर ही उन्हें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दे।

**शुभांक**

**1-3-0**

**167-4 340-7**

**भाग्यांक**

**448-6 689-3**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार राजनांदगांव ।**

मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः जिला राजनांदगाँव तहसील- राजनांदगांव प.ह.न.-00037 रेवाडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- छ्त्र-2025-26-126-1-522

ईश्तहार

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00037 के अंतर्गत ग्राम रेवाडीह के वर्तमान भूमिस्वामी मनीष भंसाली पिता/पति-जुगराज भंसाली पता-कामठी लाइन तहसील व जिला राजनांदगांव, महेंद्र कुमारबसेन पिता/पति-ईश्वरलाल बसेन पता-डिपरा पारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 389/17 (0.0486) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संजू श्रीवास पिता/पति-विरेन्द्रकुमार श्रीवास पता-शिवमंदिर के पास राजा तालाब तहसील व जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ैती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/06/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार राजनांदगांव 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/05/2025 को जारी किया जाता है।

सील अतिरिक्त तहसीलदार : Manish Verma राजनांदगांव

## संचालक समिति राजनांदगांव की बैठक सिंघोला में संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों मंच संचालक समिति जिला ईकाई राजनांदगांव की आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बैठक ग्राम सिंघोला में आयोजित की गई। उद्घोषक



राकेश सिंघोलिया के संयोजन में आयोजित बैठक में मंच संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण चर्चाएं हुई ?। पदाधिकारियों द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया चूंकि मंच संचालक समिति प्रदेश स्तर का संगठन है जिसमें अन्य जिलों की भागीदारी और प्रतिनिधित्व है। ज्ञात हो कि अब तक मंच संचालक समिति द्वारा प्रदेश स्तर पर अपनी विभिन्न गतिविधियों के रूप में विशाल रक्तदान शिविर, सम्मान समारोह, सहित छत्तीसगढ़ के नामचीन लोक कलाकारों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के नवोदित कलाकारों और प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन कलाकारों को नयी उर्जा और दिशा देने में हम सब बेहद सफल हुए हैं। ऐसे अभूतपूर्व सफलता का श्रेय मंच संचालक समिति के प्रत्येक प्रदेश व जिला ईकाई के कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जाता है जो अपनी त्याग तपस्या और समर्पण भाव से समिति को उच्च पायदान पर पहुँचाने संकल्पित हैं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक डोंगरगांव, तहसील डोंगरगॉव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

सीमांकन सूचना

डोंगरगांव, दिनांक 20/05/2025

एतद् द्वारा समस्त सीमावर्ती कृषको तथा समस्त हितबध्द पक्षकारो ग्राम मटिया प.ह.न. 23, रानिम डोंगरगॉव, तहसील डोंगरगॉव को सुचित किया जाता है, कि आवेदक श्री कुलदीप पिता सुरेन्द्रनाथ श्रीवास्तव निवासी ग्राम मटिया द्वारा सीमांकन हेतु ग्राम मटिया स्थित आवेदित भूमि खसरा न0 76/33 रकबा 0.049 हेक्टे0 का सीमाकंन न्यायालय तहसीलदार डोंगरगॉव के न्यायालय मे मामला कमांक 20250409190005O/अ-12/2024-25 के निर्देशानुसार दिनांक 26.05.2025 को समय प्रातःकाल 11:00 बजे से 5:00 बजे मेरे द्वारा किया जाएगा। अतः आवेदक/अनावेदक एवं सीमावर्ती कृषकगण सीमांकन हेतु नियत दिनांक एवं समय को आवश्यक दस्तावेज, रजिस्ट्री बयनामा के साथ उपस्थित होवे। इस संबंध में किसी व्यक्ति / हितबध्द पक्षकार को दावा / आपत्ति हो तो वे सीमांकन दिनांक के पूर्व या सीमांकन के समय दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मे दावा / आपत्ति स्वीकार नही होगा।

सीमांकन दिनांक 26.05.2025 समय प्रातःकाल 11:00 बजे से 5:00 बजे आवेदित खसरा न0 76/33, रकबा 0.049 हेक्टे.

**राजस्व निरीक्षक तहसील डोंगरगाँव जिला राजनांदगांव (छ0ग0)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक डोंगरगांव, तहसील डोंगरगॉव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

सीमांकन सूचना डोंगरगांव, दिनांक 20/05/2025

एतद् द्वारा समस्त सीमावर्ती कृषको तथा समस्त हितबध्द पक्षकारो ग्राम मटिया प.ह.न. 23, रानिम डोंगरगॉव, तहसील डोंगरगॉव को सुचित किया जाता है, कि आवेदक श्री राजेश पिता सुरेन्द्रनाथ श्रीवास्तव निवासी ग्राम मटिया द्वारा सीमांकन हेतु ग्राम मटिया स्थित आवेदित भूमि खसरा न0 76/1 रकबा 0.044 हेक्टे0 का सीमाकंन न्यायालय तहसीलदार डोंगरगॉव के न्यायालय मे मामला कमांक 20250409190005 1/अ-12/2024-25 के निर्देशानुसार दिनांक 26.05.2025 को समय प्रातःकाल 11:00 बजे से 5:00 बजे मेरे द्वारा किया जाएगा। अतः आवेदक/अनावेदक एवं सीमावर्ती कृषकगण सीमांकन हेतु नियत दिनांक एवं समय को आवश्यक दस्तावेज, रजिस्ट्री बयनामा के साथ उपस्थित होवे। इस संबंध मे किसी व्यक्ति / हितबध्द पक्षकार को दावा / आपत्ति हो तो वे सीमांकन दिनांक के पूर्व या सीमांकन के समय दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में दावा / आपत्ति स्वीकार नही होगा।

सीमांकन दिनांक 26.05.2025 समय प्रातःकाल 11:00 बजे से 5:00 बजे

आवेदित खसरा न. 76/1, रकबा 0.044 हेक्टे.

**राजस्व निरीक्षक तहसील डोंगरगाँव जिला राजनांदगांव (छ0ग0)**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ0ग0)**

राजस्व मामला क्रमांक 202505093700023५ अ-6 वर्ष 2024-25

:: ईश्तहार ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अखिलेश कुमार मिश्रा आ. स्व. रामरतन मिश्रा, निवासी पुरानी सिविल लाईन, तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला सिविल लाईन स्थित शीट क्रमांक 46 बी. 46 ए. भूखण्ड क्रमांक 4/1, 23/8, क्षेत्रफल 3.12 वर्गमीटर एवं 27.06 वर्गमीटर भूखण्ड पर वसीयतनामा के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 04.06.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी नजूल जांच राजनांदगांव**

## जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ग्राम उमरवाही में आयोजित समाधान शिविर में हुए शामिल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम उमरवाही में आयोजित समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे शामिल हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन्न कराया एवं गर्भवती माताओं की गोद भराई की गई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सभी विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर जनसामान्य से रूबरू हुए एवं उनकी समस्याओं को तन्मयतापूर्वक सुना। समाधान शिविर में ग्राम पंचायत आयबांधा, बडग़ांव, बननवागांव, बरबसपुर, चिखलाकसा, गिदर्री, गोडलवाही, पांगरीखुर्द, परेवाडीह, सीताकसा उ, तुर्रेगढ़, साल्हे, उमरवाही के ग्रामीणों से प्राप्त विभागीय मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में 1759 आवेदनों का निराकरण किया। जिसमें मांगों से संबंधित 1748 तथा 11 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदनों के निराकरणों की सार्वजनिक वाचन के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया।

## कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

**// नामांतरण प्रकाशन सूचना//**

क्रमांक.423/रा.नामा/न.प./ 2025-26 डोंगरगांव दिनांक 21.05.2025

**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

कर निर्धारण के स्वामित्व खाते(कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये

| क्रं. | वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/डिमांड क्रमांक | रकबा/खसरा क्रमांक | भूमि / भवन | वर्तमान मकान/भूमि स्वामी (हस्तांतरण कर्त्ता का नाम)विक्रेता | आवेदक (हस्तांतरित का नाम) क्रेता | स्वामित्व अर्जन का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | संत रविदास वार्ड | - | 333/1 रकबा 0.016 हे.ए 334/1 रकबा 020 हे. 333/3 रकबा 0.008 हे. | पक्का मकान | श्रीमती ईश्वरी बाई पति शत्रुहन जाति बरगाह वार्ड क्रमांक 01 किल्लापारा डोंगरगांव | श्रीमती मोनिका ठाकुर पति स्व. रविन्द्र सिंह ठाकुर वार्ड 01 किल्लापारा डोंगरगांव | वसीयतनामा |

हेतु आवेदन पेश किया गया है, यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त ईश्तहार/नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते है तो ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति लिखित में पेश कर सकते है। ईश्तहार के समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत डोंगरगांव**

## कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

**// नामांतरण प्रकाशन सूचना//**

क्रमांक.411/रा.नामा/न.प./ 2025-26 डोंगरगांव दिनांक 21.05.2025

**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

कर निर्धारण के स्वामित्व खाते(कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये

| क्रं. | वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/डिमांड क्रमांक | रकबा/खसरा क्रमांक | भूमि / भवन | वर्तमान मकान/भूमि स्वामी (हस्तांतरण कर्त्ता का नाम)विक्रेता | आवेदक (हस्तांतरित का नाम) क्रेता | स्वामित्व अर्जन का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | संत कबीर वार्ड | - | 368/2 का टु. , रकबा 1768 वर्गफीट | पक्का मकान | श्रीमती मधुलता जैन पति स्व. ज्ञानचंद जैन, नेहा जैन पति स्व.ज्ञानचंद जैन वार्ड 11सिनेमा लाईन डोंगरगांव | श्री शीतल जैन पिता स्व. ज्ञानचंद जैन वार्ड 11 सिनेमा लाईन डोंगरगांव | सहमति पत्र |

हेतु आवेदन पेश किया गया है, यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त ईश्तहार/नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते है तो ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति लिखित में पेश कर सकते है। ईश्तहार के समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत डोंगरगांव**

## कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

**// नामांतरण प्रकाशन सूचना//**

क्रमांक.411/रा.नामा/न.प./ 2025-26 डोंगरगांव दिनांक 21.05.2025

**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

कर निर्धारण के स्वामित्व खाते(कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये

| क्रं. | वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/डिमांड क्रमांक | रकबा/खसरा क्रमांक | भूमि / भवन | वर्तमान मकान/भूमि स्वामी (हस्तांतरण कर्त्ता का नाम)विक्रेता | आवेदक (हस्तांतरित का नाम) क्रेता | स्वामित्व अर्जन का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | मौलाना आजाद वार्ड | - | 212/3, रकबा 48.70 वर्गमीटर | प्रचलित आबादी भूमि | श्रीमती मधुलता जैन पति स्व. ज्ञानचंद जैन, नेहा जैन पति स्व.ज्ञानचंद जैन वार्ड 11सिनेमा लाईन डोंगरगांव | श्री शीतल जैन पिता स्व. ज्ञानचंद जैन वार्ड 11 सिनेमा लाईन डोंगरगांव | पंजीबद्ध बिक्रीनामा एवं सहमति पत्र |

हेतु आवेदन पेश किया गया है, यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त ईश्तहार/नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते है तो ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति लिखित में पेश कर सकते है। ईश्तहार के समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत डोंगरगांव**

nandgaon times may-22-3.qxd 5/21/2025 11:59 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में ग्लोबल प्राइड ऑफ सिंधी अवार्ड 2024 से किसे सम्मानित किया गया है?*

*2) हाल ही में समाचारों में देखा गया कैनोर्हाडाइटिस एलिगेंस क्या है?*

*3) कावासाकी बीमारी किससे संबंधित है?*

*4) ग्रीक लेखकों ने अमित्रोचेट्स किसे कहा है?*

*5) हाल ही में किस देश की कंपनी ने मोमबत्ती के मोम से चलने वाले रॉकेट एसआर75 का परीक्षण किया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) पवन सिंधी (2) नेमाटोड (3) एक दुर्लभ हृदय रोग (4) बिंदुसार (5) जर्मनी

# कूटनीतिक वैश्वीकरण भारत की सुरक्षा के लिए घातक

## वैश्वीकरण से राष्ट्रहित की प्राथमिकता कमजोर होती है, राष्ट्रहित में कार्य करने वालो से सबूत मांगना जायज नहीं

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा पुराने विश्राम गृह में एक परिचर्चा कूटनीतिक वैश्वीकरण भारत की सुरक्षा के लिए घातक विषय पर शहर के बुद्धिजीवी एवं प्रबुद्ध जनों की गरिमामय में उपस्थिति में संपन्न हुआ स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार शर्मा ने उक्त परिचर्चा को अति महत्वपूर्ण बताते हुए उपस्थित जनों का भारत माता की जय घोष के साथ स्वागत किया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. डी.सी. जैन ने राष्ट्र की सुरक्षा को लेकर इस परिचर्चा को अति महत्वपूर्ण बताते हुए आयोजन के लिए स्वदेशी मंच की प्रशंसा की और कहा कि स्वदेशी मंच राष्ट्रीयता को लेकर सदैव चिंतनशील है । देश में इस प्रकार के कार्यों से अर्थव्यवस्था को संबल मिलता है । पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष मेजर राजेश शर्मा ने कहा कि युद्ध के अनुभव से हमें सीख लेनी चाहिए । विश्व में कई देशों के मध्य युद्ध चल रहा है । हमारे देश ने भी तीन युद्ध लड़ा है , इन युद्धों में हम सक्रिय रूप से शामिल रहे और जिसका विशाल अनुभव हमारे साथ है । आज देश में स्वदेशी तकनीक से चलने वाले स्वदेशी मिसाइल आकाश व ब्रह्मोस ने पूरे विश्व को अचंभित कर दिया है , जिसके विक्रय से देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी । उन्होंने यह भी कहा कि देश की सुरक्षा के लिए वह सदैव तैयार है । हमें विदेशी वस्तुओं के प्रति अपना मोह त्याग कर आत्मनिर्भरता का संकल्प लेकर कार्य करना चाहिए ।



सैनिकों के प्रति सम्मानजनक व न्याय पूर्ण समझ हमें रखनी चाहिए । राष्ट्रहित में कार्य करने वालो से सबूत नही मांगना चाहिए। प्रमुख वक्ता राष्ट्रीय सदस्य अमलेंदु हाजरा ने विषय पर विस्तार से कूटनीति वैश्वीकरण के शब्दों को विस्तार से बताया तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गठित कुछ प्रमुख संस्थायें डब्ल्यू.टी.ओ. (वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन), डब्ल्यू.एच.ओ. (वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन) और यू.एन.ओ. (संयुक्त राष्ट्र संघ)की गतिविधियों को रेखांकित किया । वैश्वीकरण के इस युग में इन संस्थाओं में किए गए संधियों से राष्ट्रहित की प्राथमिकता कमजोर हुई है, स्वदेशी उद्योगों एवं व्यापार को आघात पहुंचा है। उन्होंने यह भी बताया कि दो देशों के मध्य हुई संधि का यदि कोई देश उल्लंघन करता है तो उसे दंड देने की कोई व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र संघ के पास नहीं है इसलिए माननीय प्रधानमंत्री जी को कहना पड़ा कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता । श्री हाजरा ने यह भी कहा कि भारत का पासपोर्ट अधिनियम कमजोर है जिस पर पुनर्विचार करना अति आवश्यक है देश के प्रत्येक नागरिक को शत्रु राष्ट्र का बोध होना चाहिए और शत्रु राष्ट्र के द्वारा हमारे देश में किये जा रहे व्यापार एवं विभिन्न संगठनों के माध्यम से होने वाले कार्य की जानकारी भी हमें होनी चाहिए । किसी भी राष्ट्र की अर्थशक्ति कमजोर होने से देश की सैन्य शक्ति कमजोर होती है । आज विश्व स्तर पर भारत चौथी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी पहचान बना चुका है , इसे हमें खोना नहीं है। प्रोफेसर केके द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक वह व्यक्ति जो राष्ट्र हित में सामाजिक हितों की रक्षा के लिए सकारात्मक कार्य करता है , वह भी सच्चा सैनिक है । आत्मरक्षा की भी शिक्षा का पाठ्यक्रम हमें शिक्षा प्रणाली में शामिल करना चाहिए । वर्तमान में नौकरी और पद की लालसा के लिए शिक्षा का प्रयोग हो रहा है , जिसका वास्तविक जीवन से कोई सरोकार नहीं है । शिक्षा केवल डिग्री संग्रह तक सीमित है । लोगों को कार्य कुशल बनाने में कोसों दूर है । अकुशल लोग किसी राष्ट्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सक्षम नहीं है। हेमंत तिवारी ने कहा कि विषम परिस्थितियों में समर्थ लोगों को कमजोर निशक्त व कमजोर लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए । डॉक्टर संजीव जैन ने कहा कि विभिन्न प्रकार के रोग भी एक प्रकार से युद्ध हैं । पिछले समय हमने करोना वायरस के प्रकोप को देखा , मधुमेह पूरे विश्व में अपनी पकड़ बना चुका है । प्रतिदिन लाखों की संख्या में लोगों की मृत्यु हो रही है और आर्थिक रूप से खूब लूटपाट चल रहा है । इस प्रकार के छद्म युद्ध से जनमानस की हानि हो रही है और खूब आर्थिक लूटपाट हो रहा है । इसके लिए हमें समाज को और सतर्क करना पड़ेगा । इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये और अपनी गरिमामयी उपस्थित से अपने राष्ट्र के प्रति दृढ़ इच्छा शक्ति व अपनी भक्ति का परिचय दिया।

## कोसरिया मरार समाज के खोरबाहरा अध्यक्ष निर्वाचित हुए

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कोसरिया मरार समाज संजारी राज का



चुनाव संपन्न हुआ चुनाव में खोरबहरा राम पटेल अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए, उपाध्यक्ष पद में ईश्वना पटेल निर्विरोध, सचिव मेहन्दू पटेल कोषाध्यक्ष पीताम्बर पटेल इत्यादि नवनिर्वाचित हुए ।जिसमें चुनाव अधिकारी के रूप में बेद लाल पटेल, कमलेश पटेल व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, दया राम सूर्यवंसी प्रदेश सलाहकार ,गोविन्द पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष, लखन लाल पटेल संरक्षक के अलावा समाज के लोग बड़ी संख्या मे शामिल हुए थे।

## छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने की आतंकी हमले की निंदा, एबिस ग्रीन में बैठक आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने पहलगाम कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले की



निंदा की है। साथ ही भारतीय सेना व भारत सरकार द्वारा आतंकवाद के जनक पाकिस्तान को करारा जवाब दिए जाने को उचित करार दिया है। गत दिवस प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह, प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर गुरप्रीत कौर की गरिमामय उपस्तिथि में होटल एबीस ग्रीन में राजनांदगांव इकाई की बैठक आहुत की गई। जिसमे शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को एनएसएसएफ (एनएसएसएफ) गति प्रदान करेगी। सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को आईडी पहनाकर सम्मानित अतिथि ने स्वागत किए। देश में हुए आतंकित हमले की फाउंडेशन ने निदा की साथ-साथ केंडिल जलाकर मृत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि दिए। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती मधु बाला श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डॉ. तरुण रामटेके, महामंत्री श्रीमती ऋतु रायजादा, उपाध्यक्ष श्रीमती साहू मैडम, सचिव अभिषेक श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव मुख्य रूप से मौजूद थे।

# पीएम श्री बोधीटोला स्कूल के समर कैंप का समापन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बोधीटोला में राज्य शासन के आदेश अनुसार जिलाधीश एवं जिला पंचायत के सीईओ डीएमसी ए.पी.सी के मार्गदर्शन में 12 मई से 21 मई तक समर कैंप चला। जिसमें 10 दिनों तक बच्चों ने विद्या विशेषज्ञों के द्वारा द्वारा नित्य, संगीत, नाटक, साहित्य एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियां साथ ही टाय मेकिंग के द्वारा बच्चे कबाड़ से जुगाड़ में जुरासिक पार्क का मॉडल बनाएं। कला शिल्प में बच्चे फूलों की माला बनाना, मोतियों को धागा में पिरोना, क्ले मॉडलिंग और मिट्टी के माध्यम से मूर्ति बनाना व मॉडल बनाना सीखे। समर कैंप सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक लगाया जाता था। यह सब बच्चों के मानसिक और सांस्कृतिक विकास के लिए कार्य किये व एक दिवसी शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। साथ ही रोजाना बच्चों को भोजन कराया जाता था। 21 मई को समर कैंप संपन्न हुआ इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत की अध्यक्ष व प्रथम नागरिक अंजू त्रिपाठी और अन्य अतिथि में इंदू साहु अनिल कसेर ने बच्चों के द्वारा बनाये गए मॉडलों का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम में अपने उद्बोधन अंजू त्रिपाठी ने बच्चों के हुनर की सराहना की व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कर्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर.एल.पात्रे, शैक्षणिक समन्वयक डोंगरगांव 1 व 2 के समन्वयक देवेन्द्र किशोर साहू, डामन दास, शिक्षिका दीसी पटेल, सेवानिवृत प्रधानपाठक आर.डी.मानिकपुरी, संस्था प्रमुख पुनाराम कन्नौजे, महेश्वरी डहरे व नीता अहीर उपस्थित थे।



## गजेन्द्र हरिहारणो सम्मानित हुए

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार, रंग कर्मी, फिल्मी गीतकार, मंच संचालक, शिक्षा विद डॉ. गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप' को विश्व स्तरीय पद्य संकलन छंद बद्ध वृहद हिंदी व्याकरण लेखन हेतु राजधानी रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित गरिमापूर्ण आयोजन में गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान से सम्मानित किया गया। इस गरिमामय आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ.पीसी लाल यादव वरिष्ठ साहित्यकार, रंग कर्मी व शिक्षा विद (गंडई ) थे।अध्यक्षता योगेश अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम छत्तीसगढ़ थे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री राष्ट्रीय कवि संगम , रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार व समीक्षक रायपुर, अरूण कुमार निगम संस्थापक छंद के छ छत्तीसगढ़, कमल शर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम तथा डॉ. सोनल राजेश शर्मा संवाददाता गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड छत्तीसगढ़ उपस्थित थे। इस आयोजन में भारत देश के विभिन्न प्रांतों से लगभग 70 साहित्यकार उपस्थित थे। ज्ञात हो कि डॉ. गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप'को पूर्व में छंद बद्ध भारतीय संविधान, वर्णावली, छंदावली और छंद बद्ध छत्तीसगढ़ दर्शन के लेखन हेतु चार बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और द मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।



# रेल सुविधाओं के विकास के लिए डोंगरगढ़ विकास मंच सौपेगा ज्ञापन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज तथा लोकल ट्रेनों को पुन: प्रारंभ किए जाने हेतु डोंगरगढ़ विकास मंच सांसद संतोष पांडेय को ज्ञापन सौंपेगा। डोंगरगढ़ विकास मंच के सचिव केके वर्मा ने बताया कि डोंगरगढ़ मे रेलवे स्टेशन का विकास तो भली भांति केंद्र सरकार ने सांसद संतोष पांडेय की मांग पर उचित ढंग से कराया है किंतु मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज में कमी तथा लोकल ट्रेनों का संचालन बंद होने से यात्रियों की संख्या में काफी कमी आई है जिसे लेकर विकास मंच ने नागरिकों के साथ मिलकर ज्ञापन तैयार किया है सांसद महोदय से चर्चा कर डोंगरगढ़ में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग यहां के नागरिक करेंगे। श्री वर्मा ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से ट्रेनों के विस्तार की मांग रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि डोंगरगढ़ में जितनी रेल सुविधा प्रदान की गई है उस अनुपात में ट्रेनों की सुविधा नगण्य है सुविधाओं का उपभोग व उपयोग करने हेतु यात्री संख्या में बढ़ोतरी आवश्यक है और यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी ट्रेनों की संख्या बढ़ने से हो पाएगी खासकर पैसेंजर एवं लोकल ट्रेन जरूरी है। यह रेलवे स्टेशन रेलवे एवं राज्य सरकार दोनों के अभिलेख में टूरिस्ट प्लेस के रूप में दर्ज है। यहां यात्रियों को रेल सुविधा अधिक मिल सके इस हेतु डोंगरगढ़ विकास मंच के सुझाव ट्रेनों का विस्तार जिसमें रायपुर कोरबा रायपुर हंसदेव एक्सप्रेस चार दिन तथा 618251/182528 तीन दिन का डोंगरगढ़ तक विस्तार हेतु आपके द्वारा माननीय रेल मंत्री एवं महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर को जून 2020 में पत्र भी लिखा जा चुका है। हंसदेव एक्सप्रेस दो रैक से संचालित है। एक रैक सप्ताह में चार दिन तथा दूसरी रैक सप्ताह में तीन दिन चलती है। दोनों रैकों की देखरेख का काम दुर्ग में किया जाता है रायपुर से ट्रेन प्रारंभ करने के लिए रैक दुर्ग से रायपुर खाली भेजी जाती है। अत: ट्रेन को डोंगरगढ़ तक विस्तार आसानी से किया जा सकता है रायपुर में ट्रेन की बोगियों में मात्र पानी भरा जाता है और यह सुविधा डोंगरगढ़ में भी उपलब्ध है । इसी प्रकार जूनागढ़ रायपुर पैसेंजर 58208 का डोंगरगढ़ तक विस्तार क्वांर तथा चैत्र नवरात्रि के समय एक दो वर्ष पूर्व तक किया जाता रहा है यह ट्रेन डोंगरगढ़ से कोरबा के लिए शाम 4 बजे के करीब ट्रेन क्रमांक 58204 बनकर रवाना होती थी इस ट्रेन को नियमित किए जाने से उड़ीसा क्षेत्र के यात्रियों का सीधा संपर्क डोंगरगढ़ तीर्थ से हो जाएगा तथा डोंगरगढ़ क्षेत्र की जनता को कोरबा औद्योगिक क्षेत्र के लिए सीधी ट्रेन उपलब्ध हो जाएगी। साथ ही ट्रेनों का स्टापेज में मां बमलेश्वरी के मेला पर्व पर समय-समय पर विभिन्न ट्रेनों का अस्थाई स्टापेज डोंगरगढ़ में दिया जा रहा था। जिसमें बिलासपुर चेन्नई बिलासपुर एक्सप्रेस, हटिया कुर्ला हटिया एक्सप्रेस, पुरी जोधपुर पुरी एक्सप्रेस, हावड़ा पोरबंदर हावड़ा एक्सप्रेस, दरभंगा सिकंदराबाद दरभंगा एक्सप्रेस, बिलासपुर पुणे बिलासपुर एक्सप्रेस, पूरी सूरत पुरी एक्सप्रेस, पुरी कुर्ला पुरी एक्सप्रेस, हावड़ा कुर्ला हावड़ा समरसता एक्सप्रेस, बिलासपुर भगत की कोठी बिलासपुर एक्सप्रेस, बिलासपुर बीकानेर बीकानेर एक्सप्रेस, रायपुर सिकंदराबाद रायपुर एक्सप्रेस, रक्सौल हैदराबाद रक्सौल एक्सप्रेस उक्त समस्त ट्रेन साप्ताहिक,द्विसाप्ताहिक एवं सुपरफास्ट होने के कारण आम दर्शनार्थी इसका समुचित लाभ नहीं उठा पाए। ट्रेनों की घोषणा भी अल्प समय के पूर्व की जाती है। जिससे यात्रियों तक इसकी जानकारी नहीं हो पाती। यदि उक्त ट्रेनों का नियमित ठहराव दिया जाएगा तो निश्चित रूप से यात्री इसका लाभ उठा सकेंगे। संतरागाछी नांदेड़ एक्सप्रेस 612767 -127688 का डोंगरगढ़ स्टॉपेज जरूरी है डोंगरगढ़ में सिख समुदाय बहुतायात में है और नांदेड़ उनका तीर्थ स्थल है अत: सिख भाइयों को सुविधा प्रदान करने हेतु संतरागाछी नांदेड़ संतरागाछी साप्ताहिक एक्सप्रेस का स्टापेज डोंगरगढ़ में किया जाना उचित होगा। शालीमार ओखा या बिलासपुर ओखा एक्सप्रेस के स्टॉपेज से डोंगरगढ़वासियों का सीधा संपर्क द्वारका तीर्थ से हो जाएगा जिससे दर्शनार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। बंद की गई मेमू ट्रेनों को पुन: प्रारंभ करना भी अत्यंत आवश्यक है पूर्व में रायपुर डोंगरगढ़ मेमू 68721, डोंगरगढ़ गोंदिया मेमू 68723, गोंदिया रायपुर मेमू 68724, रायपुर डोंगरगढ़ मेमू 68729 और डोंगरगढ़ रायपुर मेमू 68730 का परिचालन रेलवे द्वारा नियमित किया जाता था किंतु बाद में बिना किसी नोटिफिकेशन के इन ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया आज भी रेलवे के टाइम टेबल की बुक एवं स्टेशन परिसर स्थित बुकिंग ऑफिस के बोर्ड में उक्त ट्रेनों का परिचालन दर्शाया जा रहा है जबकि उक्त ट्रेनों को मात्र बमलेश्वरी मेले के समय चलाया जा रहा है उक्त ट्रेनों से दैनिक यात्रियों व्यापारियों एवं सामान्य यात्रियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलती थी।

अत: उक्त मेमू ट्रेनों को पुन: प्रारंभ किया जाए। इसी प्रकार डोंगरगढ़ से इतवारी के लिए दोपहर के समय अतिरिक्त मेमू ट्रेन भी चाहिए डोंगरगढ़ से इतवारी के लिए प्रात: 8 बजे के बाद शाम 4 तक कोई भी पैसेंजर मेमू ट्रेन की सुविधा उपलब्ध नहीं है रेलवे द्वारा क्वांर नवरात्रि वर्ष 2019 में डोंगरगढ़ से इतवारी के बीच नई लोकल ट्रेन की सुविधा प्रदान की गई थी यह ट्रेन डोंगरगढ़ से दोपहर में 12.45 बजे छूटकर इतवारी शाम 7.45 बजे पहुंचती थी और इतवारी से रात्रि 8.10 बजे छूट कर रात्रि 1.30 बजे डोंगरगढ़ पहुंचती थी। यह ट्रेन पूर्णतया सफल रही और यात्रियों ने इसका भरपूर उपयोग किया और प्रशंसा भी की। इस ट्रेन को नियमित किए जाने हेतु रेलवे के स्थानीय अधिकारी और डोंगरगढ़ के सामाजिक संगठनों ने मांग की और लिखा पढ़ी भी की गई। अत: ट्रेन पुन: प्रारंभ की जाए और नियमित परिचालन किया जाए।

## धर्म समाचार....

# ज्येष्ठ अमावस्या के दिन करें विष्णु चालीसा का पाठ, पितरों की बरसेगी कृपा




ज्येष्ठ अमवस्या के दिन कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है। ऐसा माना जाता है कि इन योग में भगवान विष्णु और देवी मां लक्ष्मी के संग पितरों की पूजा-अर्चना करने का खास महत्व है। इससे पितृ प्रसन्न होंगे और उनकी कृपा साधक पर बनी रहेगी। ज्येष्ठ माह में पड़ने वाली अमावस्या को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 27 मई को ज्येष्ठ अमावस्या मनाई जाएगी। इस दिन सुबह पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, ज्येष्ठ अमावस्या के दिन पवित्र नदी स्नान करने से साधक को सभी पापों से छुटकारा मिलता है और जीवन में सभी सुख मिलते हैं। ऐसे में पूजा के दौरान विष्णु चालीसा का पाठ करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार, विष्णु चालीसा का पाठ करने से साधक को पितरों की कृपा प्राप्त होगी और विष्णु जी प्रसन्न होंगे।

**विष्णु चालीसा**

॥ दोहा ॥

विष्णु सुनिए विनय,सेवक की चितलाय।
कीरत कुछ वर्णन करूँ,दीजै ज्ञान बताय॥

॥ चौपाई ॥

नमो विष्णु भगवान खरारी। कष्ट नशावन अखिल बिहारी॥
प्रबल जगत में शक्ति तुम्हारी। त्रिभुवन फैल रही उजियारी॥
सुन्दर रूप मनोहर सूरत। सरल स्वभाव मोहनी मूरत॥
तन पर पीताम्बर अति सोहत। बैजन्ती माला मन मोहत॥
शंख चक्र कर गदा बिराजे। देखत दैत्य असुर दल भाजे॥
सत्य धर्म मद लोभ न गाजे। काम क्रोध मद लोभ न छाजे॥
सन्तभक्त सज्जन मनरंजन। दनुज असुर दुष्टन दल गंजन॥
सुख उपजाय कष्ट सब भंजन। दोष मिटाय करत जन सज्जन॥
पाप काट भव सिन्धु उतारण। कष्ट नाशकर भक्त उबारण॥
करत अनेक रूप प्रभु धारण। केवल आप भक्ति के कारण॥
धरणि धेनु बन तुमहिं पुकारा। तब तुम रूप राम का धारा॥
भार उतार असुर दल मारा। रावण आदिक को संहारा॥
आप वाराह रूप बनाया। हिरण्याक्ष को मार गिराया॥
धर मत्स्य तन सिन्धु बनाया। चौदह रतनन को निकलाया॥
अमिलख असुरन द्वन्द मचाया। रूप मोहनी आप दिखाया॥
देवन को अमृत पान कराया। असुरन को छबि से बहलाया॥
कूर्म रूप धर सिन्धु मझाया। मन्द्राचल गिरि तुरत उठाया॥
शंकर का तुम फन्द छुड़ाया। भस्मासुर को रूप दिखाया॥
वेदन को जब असुर डुबाया। कर प्रबन्ध उन्हें ढुँढवाया॥
मोहित बनकर खलहि नचाया। उसही कर से भस्म कराया॥
असुर जलंधर अति बलदाई। शंकर से उन कीन्ह लड़ाई॥
हार पार शिव सकल बनाई। कीन सती से छल खल जाई॥
सुमिरन कीन तुम्हें शिवरानी। बतलाई सब विपत कहानी॥
तब तुम बने मुनीश्वर ज्ञानी। वृन्दा की सब सुरति भुलानी॥
देखत तीन दनुज शैतानी। वृन्दा आय तुम्हें लपटानी॥
हो स्पर्श धर्म क्षति मानी। हना असुर उर शिव शैतानी॥
तुमने धुरू प्रहलाद उबारे। हिरणाकुश आदिक खल मारे॥
गणिका और अजामिल तारे। बहुत भक्त भव सिन्धु उतारे॥
हरहु सकल संताप हमारे। कृपा करहु हरि सिरजन हारे॥
देखहुँ मैं निज दरश तुम्हारे। दीन बन्धु भक्तन हितकारे॥
चहत आपका सेवक दर्शन। करहु दया अपनी मधुसूदन॥
जानूं नहीं योग्य जप पूजन। होय यज्ञ स्तुति अनुमोदन॥
शीलदया सन्तोष सुलक्षण। विदित नहीं व्रतबोध विलक्षण॥
करहुँ आपका किस विधि पूजन। कुमति विलोक होत दुख भीषण॥
करहुँ प्रणाम कौन विधिसुमिरण। कौन भाँति मैं करहुँ समर्पण॥
सुर मुनि करत सदा सिवकाई। हर्षित रहत परम गति पाई॥
दीन दुखिन पर सदा सहाई। निज जन जान लेव अपनाई॥
पाप दोष संताप नशाओ। भवबन्धन से मुक्त कराओ॥
सुत सम्पति दे सुख उपजाओ। निज चरनन का दास बनाओ॥
निगम सदा ये विनय सुनावै। पढ़ै सुनै सो जन सुख पावै॥

### रवि और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाई जाएगी विनायक चतुर्थी, चमक उठेगा सोया भाग्य

सनातन धर्म में भगवान गणेश की सबसे पहले पूजा की जाती है। भगवान गणेश की पूजा से साधक के जीवन में न केवल सुखों का आगमन होता है बल्कि सभी संकट भी दूर हो जाते हैं। इस शुभ तिथि पर पूजा के बाद साधक दान-पुण्य भी करते हैं।



वैदिक पंचांग के अनुसार, शुक्रवार 30 मई को विनायक चतुर्थी है। यह पर्व हर महीने शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान गणेश की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत के पुण्य-प्रताप से साधक के जीवन में व्याप्त आर्थिक विषमता दूर हो जाती है। साथ ही घर में सुख, शांति और खुशहाली आती है। ज्योतिषियों की मानें तो ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में भगवान गणेश की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी। साथ ही सभी संकटों से मुक्ति मिलेगी। आइए, शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं-

**विनायक चतुर्थी शुभ मुहूर्त**- ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 29 मई को देर रात 11 बजकर 18 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 30 मई को रात 09 बजकर 22 मिनट पर चतुर्थी तिथि का समापन होगा। इस शुभ अवसर पर भगवान गणेश की भक्ति भाव से पूजा की जाएगी।

**वृद्धि योग**- विनायक चतुर्थी पर वृद्धि योग का संयोग दोपहर 12 बजकर 58 मिनट से हो रहा है। इस योग में भगवान गणेश की पूजा करने से आय और सौभाग्य में अपार वृद्धि होगी।

**सर्वार्थ सिद्धि और रवि योग**- ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का संयोग बन रहा है। इन दोनों योग का संयोग सुबह 05 बजकर 24 मिनट से लेकर रात 09 बजकर 29 मिनट तक है। इस दौरान भगवान गणेश की पूजा करने से सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलेगी। साथ ही शुभ कामों में भी सफलता एवं सिद्धि मिलेगी।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स


खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# गोदाम में करोड़ों रूपये का धान डम्प किए जाने का वीडियो वायरल

## जब व्यापारी के पास मंडी का लाईसेंस नहीं और करोड़ों का धान गोदाम में इसके बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं ?



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बांधाबाजार मंडी के अंतर्गत मुरारी ट्रेडर्स के जोरातराई रोड स्थित गोदाम में करोड़ों रूपये का धान डम्प किए जाने का एक वीडियो वायरल होने के बाद मंडी प्रशासन द्वारा तुरंत कार्रवाई कर पेनाल्टी लगाया गया, परंतु यहां पर पेनाल्टी के कारण कई सवाल खड़े हो गए। कहा जा रहा है कि जब व्यापारी के पास मंडी का लाईसेंस नहीं था तो करोड़ों का धान गोदाम में कैसे आया? इसके बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं की गई है? हालांकि मंडी प्रशासन दो ट्रकों के खिलाफकार्रवाई कर बाकी धान में पेनाल्टी लगाने की कार्रवाई की बात कर रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार गत् 19 मई को कृषि उपज मंडी समिति बांधाबाजार ने फर्म मुरारी ट्रेडर्स जोरातराई रोड स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो ट्रकों में धान तथा मक्का तकरीबन 500 क्विंटल तथा गोदाम में रखे धान 170 और भवन में 7990 कुल मिलाकर 8160 क्विंटल पाया गया है। इस संबंध में व्यापारी के पास कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए जाने पर दोनों ट्रकों में भरे माल को जब्त कर पांच गुणा मंडी शुल्क अधिरोपित कर जुर्माना राशि वसूलने की जानकारी मिली है। जब्त किए गए धान के अलावा मक्का में भी पेनाल्टी की गई है। इसके अलावा गोदाम में पाए गए धान तथा मक्का का मंडी शुल्क जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है जबकि जानकार सूत्र बताते हैं कि जब व्यापारी का मंडी में पंजीयन ही नहीं है तो फिर शुल्क कैसे जमा होगा। बताया जाता है कि पूरी तरह से ट्रकों एवं गोदाम में करोड़ों रूपये की धान तथा मक्का अवैध है। इसके बाद भी तकरीबन 71 हजार पेनाल्टी लगाया गया।

### गोदाम में रखे धान की जब्ती नहीं

बताया गया है कि मुरारी ट्रेडर्स द्वारा अंचल के किसानों से लाईसेंस नहीं होने के बाद भी धान की खरीदी कर गोदाम में धान और मक्का डम्प किया गया है। निरीक्षण में मंडी के अधिकारियों ने अवैध रूप से रखे धान को पाया भी है। इसके बाद भी जब्ती नहीं कर निर्धारित मंडी शुल्क पटाने के लिए कहा गया है, जो कि मंडी के नियम में ही नहीं बताया जा रहा है, जिस व्यापारी का लाईसेंस ही नहीं और अवैध रूप से खरीदी कर रहा है। उससे तो जब्ती की ही कार्रवाई की जाना है।

### व्यापारी का लाईसेंस नहीं

मंडी के सूत्र बताते हैं कि मुरारी ट्रेडर्स द्वारा बगैर लाईसेंस के ही अनाज की खरीदी की जा रही है। बांधाबाजार मंडी में लाईसेंस का नवीनीकरण नहीं किया गया है। इसके बाद भी खुलेआम खरीदी का काम किया जा रहा है। अब मामला पकड़ में आने के बाद अब लाईसेंस के नवीनीकरण की तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि मुरारी ट्रेडर्स पर लाखों रूपए टैक्स के पहले से ही बकाया है जो आज तक अदा नहीं किया गया है। इस संबंध में बांधा बाजार मंडी द्वारा कई नोटिस जारी की जा चुकी है।

### किसानों का करोड़ों रूपये बकाया

सूत्रों ने बताया है कि संबंधित व्यापारी ने अंचल के किसानों से धान और मक्का की पूरी खरीदी उधारी में की है। किसान पैसे के लिए भी भटक रहे हैं लेकिन अभी तक किसानों को राशि का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके कारण मोहला जिला प्रशासन से भी इस मामले की शिकायत किए जाने की जानकारी मिली है।

### भारती ने की शिकायत, एमडी ने दिए जांच के निर्देश



बताया जाता है कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती के समक्ष बांधाबाजार मंडी द्वारा उचित कार्रवाई नहीं किए जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद उन्होंने कृषि उपज मंडी के एमडी से इस संबंध में विस्तार से बात की है। एमडी ने पूरे मामले में जांच के कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। खबर है कि एमडी के ? निर्देश के बाद मंडी प्रशासन हरकत में आया है और अवैध रूप से डंप किए गए धान और मक्का को जप्त किए जाने की तैयारी कर ली गई है और व्यापारी के ?खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

> **कार्रवाई की गई - सचिव**
>
> बांधाबाजार कृषि उपज मंडी के सचिव ने नांदगांव टाइम्स से चर्चा के दौरान बताया कि मंडी को जब शिकायत मिली हमने तुरंत निरीक्षण किया, और ट्रकों में रखे गए धान और मक्के पर जुर्माना वसूला , एवं गोदाम में रखे गए धान को लेकर भी पेनाल्टी वसूलने की कार्रवाई की जाएगी।

## गृहमंत्री निवास पहुंचकर नक्सल पीड़ितों ने मांगा न्याय..

**डोंगरगढ़ /राजनांदगाव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश के नक्सल हिंसा से प्रभावित नक्सल पीड़ित परिवरो ने आज फिर गृहमंत्री निवास रायपुर



पहुचे व नवीन नक्सल पूनर्वस नीति 2025 का लाभ नहीं मिलने का आरोप लगाया हैँ. राज्य के नक्सल प्रभावित ज़िला के महिलाओ ने कहा क़ी हमारे द्वारा नई पूनर्वास नीति का लाभ दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया गया हैँ उस आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं हो रहा हैँ इसलिए हम आज गृहमंत्री को हमारे आवेदन पर उचित कार्यवाही क़र लाभ दिलाने का निवेदन किया गया। संघर्षरत प्रमुख धीरेन्द्र साहू ने बताया क़ी गृहमंत्री महोदय द्वारा जल्द हीं सभी ज़िला के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षकों का मीटिंग क़र सभी पीड़ित भाई बहनो को न्याय दिलाने का भरोसा दिया हैँ. गृहमंत्री के आश्वासन बाद हम वापस घर लौट गए हैँ लेकिन 15 दिन के भीतर उचित कार्यवाही नहीं होने पर दोबारा गृहमंत्री निवास आने का फैसला लिया हैँ।



## सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक और ऑलवा फाउंडेशन के बीच छत्तीसगढ़ में एनजीओ और बैंक लिंकेज को लेकर रणनीतिक बैठक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक की छत्तीसगढ़ टीम और ऑलवा फाउंडेशन के बीच रायपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य सामाजिक संगठनों (एनजीओ/ट्रस्ट) को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ते हुए राज्य के ग्रामीण और वंचित वर्गों तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना था।इस बैठक में सूर्योदय बैंक की ओर से सौरभ और श्री चतुर्वेदी जैसे वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जबकि ऑलवा फाउंडेशन की ओर से निदेशक हेमशंकर जेठमल साहू ने नेतृत्व किया। बैठक में महिला स्व सहायता समूहों (एसएचजीएस) को बैंक ऋण, डिजिटल सेवाओं और वित्तीय साक्षरता से जोड़ने की रणनीति पर चर्चा हुई। साथ ही बैंक की सीएसआर पहलों को सामाजिक परियोजनाओं से जोड़कर समुदायों के समग्र विकास के लिए एक साझा कार्ययोजना तैयार की गई।



हेमशंकर जेठमल साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, सीएसआर फंडिंग का सदुपयोग तभी संभव है, जब उसे सही जमीनी संगठनों के माध्यम से लक्षित समुदायों तक पहुँचाया जाए। बैंक जैसे संस्थानों का सहयोग सामाजिक विकास के लिए एक उत्प्रेरक की भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर सामाजिक रणनीति विशेषज्ञ विश्वास त्रिपाठी ने भी बैठक में भाग लिया और उन्होंने कहा कि, स्थानीय सामुदायिक आधारित संगठनों (सीबीओएस) और छोटे एनजीओ को यदि प्रारंभिक वित्तीय सहायता दी जाए, तो वे जमीनी स्तर पर स्थायी सामाजिक परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। दोनों पक्षों ने राज्य के विभिन्न जिलों में पायलट प्रोजेक्ट्स प्रारंभ करने और एक सतत एनजीओ बैंक संवाद मंच स्थापित करने पर सहमति जताई, जिससे आने वाले समय में सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी।

## कलेक्टर ने गौरी नगर एवं चिखली में निर्माणाधीन रेलवे क्रासिंग अंडरब्रिज का किया निरीक्षण

### 16 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा रेलवे क्रासिंग अंडरब्रिज का निर्माण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में निर्माण एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज सुबह राजनांदगांव शहर में गौरी नगर एवं चिखली में लगभग 16 करोड़ रूपए की लागत से निर्माणाधीन रेलवे क्रासिंग अंडरब्रिज का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने रेलवे क्रासिंग अंडरब्रिज के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सब इंजीनियर ने बताया कि बारिश के बाद एक माह में अंडरब्रिज का कार्य पूर्ण हो जाएगा।

कलेक्टर ने मोतीपुर में अंडरब्रिज के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क निर्माण का भी अवलोकन किया और सड़क निर्माण का कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री यूके रामटेके, सब इंजीनियर रेलवे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाज सेवक संघ द्वारा साडियाँ वितरित की गई

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** समाज सेवक संघ द्वारा पाताल भैरवी मंदिर में जरूरत मंदो को साडियाँ वितरित की गई। समाज सेवी व संघ के संयोजक श्री संजीव सिंघल, शिक्षिका श्रीमती सुशीला सिंघल, संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती यामला साहू एवं डोगरगाँव की तहसील अध्यक्ष उमा साहू ने पाताल भैरवी मंदिर में सर्वप्रथम काली माँ के दर्शन कर उन्हें साडियाँ समर्पित कीं एवं तत्पश्चात् मंदिर परिसर में निर्धन भिक्षुणिओं को साडियाँ आर्पित कीं । इसी प्रकार उन्होंने वृद्धा आश्रम में भी वहाँ के प्रभारी कमलेश कोसरे को वृद्धजनों को वितरित करने हेतु केले एवं साडियाँ सौंपी गई एवं वृद्धजनों से भेंट कर उनके हाल-चाल पूछे, वे सभी संतुष्ट थे।



# सामान्य सभा की बैठक से पहले ब्रोशर देना उचित नहीं समझ रहे : जनपद पंचायत सीईओ

## सामान्य सभा की बैठक से पूर्व ब्रोशर वितरण को लेकर जनपद सीईओ खैरागढ़ का रुख बना चर्चा का विषय

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** खैरागढ़ जनपद पंचायत में आगामी सामान्य सभा की बैठक गुरुवार को दोपहर 12 बजे कार्यालय में रखी गई है जिसको लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं, लेकिन इस बार एक अलग ही मुद्दा चर्चा में है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ने सामान्य सभा की बैठक से पहले ब्रोशर वितरण को उचित नहीं समझ रहे है। जिससे जनप्रतिनिधियों और पंचायत सदस्यों में असंतोष का माहौल है। प्रत्येक सामान्य सभा बैठक से पहले विकास कार्यों की जानकारी, विभागीय गतिविधियाँ और योजनाओं की प्रगति को दर्शाने के लिए एक ब्रोशर तैयार किया जाता है, जिसे सदस्यों को वितरित किया जाता है ताकि वे विषयों पर पहले से अवगत हो सकें और बैठक में ठोस सुझाव या आपत्तियाँ प्रस्तुत कर सकें। लेकिन इस बार खैरागढ़ जनपद के सीईओ ने इस प्रक्रिया नजरअंदाज करते हुए सदस्यों को ब्रोशर नहीं दिया गया है।

इस निर्णय से कई जनप्रतिनिधि असहमत हैं। उनका कहना है कि अगर सदस्यों को समय से पहले जानकारी नहीं मिलेगी तो वे बैठक में केवल सुनने की भूमिका में रहेंगे, जबकि सामान्य सभा का उद्देश्य ही पारदर्शी संवाद और सक्रिय भागीदारी है।

### जनपद सदस्य बोले ङ्क पारदर्शिता पर सवाल

जनपद सदस्य सरस्वती सन्नी यदु का कहना है कि किसी भी सामान्य सभा की बैठक से पहले विकास कार्यों की जानकारी वाले ब्रोशर दिए जाते है जिससे हम बैठक की तैयारी कर पाते है। जानबूझकर सीईओ के द्वारा ब्रोशर नहीं दिया जा रहा है ताकि कोई भी व्यक्ति सवाल-जवाब ना कर सके। पहले बैठक 16 मई को रखा गया था जिसे संशोधित करते हुए 22 मई को रख दिया गया है इसकी भी सूचना हमें फोन के माध्यम से दिया गया है हमारे पास किसी भी प्रकार का लेटर नहीं आया है।



सामान्य सभा की बैठक की तैयारी में लगे अधिकारी कर्मचारी

### बैठक सिर्फऔपचारिकता रह जाएगी

वहीं सभापति डीलेश्वरी श्यामसुंदर सदस्य साहू ने कहा कि हम गांवों से आते हैं, हमारे पास समय सीमित होता है। अगर बैठक में ही सारी जानकारी पढ़ने को मिलेगी, तो हम बहस या सुझाव क्या देंगे? यह सिर्फ औपचारिकता रह जाएगी।

### जनपद में सवाल तो उठेगा को को

### देना होगा जवाब - आकाश दीप सिंह गोल्डी

जनपद सदस्य व कांग्रेस नेता आकाश दीप सिंह गोल्डी ने कहा कि मीटिंग से पहले ब्रोशर न देना, सवालों से बचने का अच्छा तरीका है। हम जनपद अधिकारी से ब्रोशर न देने का कारण जरूर पूछेंगे। विपक्ष लोगों की विकास कार्यों की जानकारी बिना ब्रोशर पढ़ें भी पूछेंगे।

### प्रशासन बनाम प्रतिनिधि ङ्क संवादहीनता या दृष्टिकोण का फर्क?

इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच संवादहीनता को उजागर किया है। एक ओर प्रशासन बैठक को नियंत्रित और व्यवस्थित रखने का प्रयास कर रहा है, वहीं जनप्रतिनिधियों को यह कदम उनकी भूमिका को सीमित करने जैसा प्रतीत हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी परिस्थितियों में संवाद आवश्यक है ताकि दोनों पक्षों की चिंताओं को समझा जा सके।

### क्या है ब्रोशर का महत्व?

सामान्य सभा बैठक से पहले ब्रोशर देने की परंपरा इसलिए रही है क्योंकि इससे प्रतिनिधियों को योजनाओं, बजट, कार्यों की प्रगति तथा आगामी प्रस्तावों की जानकारी समय रहते मिल जाती है। इससे वे विचार कर सकें कि कहाँ सुधार की जरूरत है, किस योजना में पिछड़ापन है, और किस दिशा में नया प्रस्ताव रखा जा सकता है।

> सामान्य सभा की बैठक नियमानुसार कराई जाएगी जो भी सदस्य को दिक्कत है मुझे पर्सनल बात कर सकता है।
>
> **नारायण बंजारा, सीईओ जनपद पंचायत खैरागढ़**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com